सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-6 **विषय:-हिन्दी** **पाठ:-2**

मौखिक

1. प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) भूख और कमज़ोर गीदड़ पेड़ के नीचे बैठा अपनी किस्मत को कोस रहा था।

(ख) शेर को देखकर गीदड़ डर गया था। इसलिए उसे देखकर गीदड़ पेट के बल लेट गया।

(ग) मुफ्त का मांस खाकर गीदड़ मोटा-तगड़ा हो गया।

(घ) घमंड बढ़ने पर गीदड़ जंगल के जानवरों से नफरत करने लगा। एक दिन वह हाथी का शिकार करने के लिए चट्टान पर चढ़ गया। अंत में वह मारा गया।

लिखित

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) दयालु शेर गीदड़ को अपनी गुफ़ा में ले गया। उसने गीदड़ को थोड़ा सा मांस खाने के लिए दिया। शेर ने गीदड़ से यह भी कहा कि अगले दिन से वही गीदड़ के लिए भोजन लेकर आएगा।

(ख) जंगल के जानवर गीदड़ से चिढ़ने लगे क्योंकि वह अपनी गीदड़ जाति को नफरत की नज़र से देखता। तेंदुओं और भेडियों पर रौब जमाता। भालू, लोमड़ी, खरगोश आदि को वह मुर्ख समझने लगा वह घमंडी हो चुका था।

(ग) घमंडी गीदड़ को शेर ने समझाया कि शिकार करना उसका काम नहीं है। जिसका जो काम है, उसको वही करना चाहिए तुझे हाथी चाहिए, मैं हाथी मारकर दूँगा। मेरा कहना मान जा।

(घ) गीदड़ को घमंड हो गया था। उसने हाथी का शिकार करने की मन में ठानी। इसके लिए वह एक चट्टान पर चढ़कर हाथी की प्रतीक्षा करने लगा। जैसे ही हाथी वहाँ से निकला, गीदड़ ने इसकी गरदन पर छलांग लगा दी। जल्दीबाजी में वह हाथी के पैरों के पास जाकर गिरा। हाथी ने तुरंत अपना पैर उस पर दे मारा। इस प्रकार गीदड़ मारा गया।

3. **किसने** **किससे**

शेर से	गीदड़ से
गीदड़ ने	शेर से
शेर ने	जानवरों से

4. **पाठांश पर आधारित प्रश्न-**

(क) शेर गीदड़ के लिए भोजन ला रहा था।

(ख) घर बैठे भोजन पाकर गीदड़ खुश हुआ।

(ग) गीदड़ घर बैठे मुफ्त का भोजन कर रहा था। कुछ ही दिनों में वह खूब मोटातगड़ा हो गया। इस प्रकार उसके शरीर में शक्ति आ गई।

(घ) शेर की गुफ़ा में रहने और शेर की कृपा के कारण गीदड़ का दिमाग धीरे-धीरे फिरने लगा।

(ङ) विलोम शब्द लिखो- मोटा - तगड़ा; दुबला - पतला; दिन - रात

5. (क) (iv) (ख) (iii) (ग) (iv)